# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–15.06.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची में भाजपा द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का किया उद्‌घाटन, कहा – ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के कई ठिकानों को किया गया ध्वस्त।**
2. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष निदेशालय और राज्य योग केंद्र ने योग सप्ताह का किया शुभारंभ, पहले दिन रांची में रन फॉर योगा में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग।**
3. **राज्य में आज से धरती आबा जनभागीदारी अभियान की हुई शुरुआत, पीवीटीजी और जनजातीय बहुल गांवों में पहुंचाया जाएगा योजनाओं का लाभ।**
4. **विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर राज्य के कई जिलों में विशेष कार्यक्रम हुए आयोजित, वृद्धाश्रमों में मेडिकल कैंप, शिविर और न्यायिक अधिकारियों ने बुजुर्गों से की मुलाकात।**
5. **राज्य में आज से बदला मौसम का मिजाज, मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंच गए हैं। वे वहां दो दिन रहेंगे। पिछले दो दशक में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली साइप्रस यात्रा है। भूमध्य सागर क्षेत्र के साथ भारत के संपर्क को मजबूत करने की दिशा में श्री मोदी की यह यात्रा महत्वपूर्ण कदम है।

*******************

रांची में भाजपा की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक विकास हुआ है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए बताया कि यह सर्जिकल स्ट्राइक की तरह ही बड़ी कार्रवाई थी जिसमें आतंकियों के कई ठिकाने नष्ट किए गए।

वहीं विधायक सीपी सिंह ने जनधन योजना, मुद्रा लोन और स्वच्छता अभियान जैसी योजनाओं की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे आम लोगों को बड़ा लाभ मिला है।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष निदेशालय और राज्य योग केंद्र द्वारा आज से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। आज पहले दिन **रन फॉर योगा** का आयोजन किया गया, जो रांची के राज्य योग केंद्र से शुरू होकर विभिन्न प्रमुख स्थानों से होते हुए वापस केंद्र पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में आयुष निदेशक सीमा उदय पुरी समेत अन्य अधिकारी और लगभग 250 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें महिलाओं की भी विशेष भागीदारी रही। योग सप्ताह के तहत पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और योग सत्र सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और इसका समापन 21 जून को होगा।

*******************

राज्य के कई जिलों में आज से 30 जून तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह– पीवीटीजी और अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अभियान के तहत आज धनबाद समाहरणालय परिसर से एडीएम पीयूष सिन्हा और अन्य अधिकारियों ने जागरूकता रथ को रवाना किया।

इधर लोहरदगा जिले में भी 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 205 जनजातीय बहुल गांवों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। इसके तहत आज उपायुक्त डॉ ताराचंद ने समाहरणालय से दो प्रचार रथ रवाना किए और बताया कि अभियान के तहत आधार अपडेट, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान, मनरेगा समेत 25 योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से दिया जाएगा।

*******************

विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर राज्य के कई जिलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। हजारीबाग में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार, सदर एसडीओ और समाज कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से ओल्ड एज होम का निरीक्षण किया। मौके पर श्री कुमार ने वहां रह रहे बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

इधर गुमला जिले में भी विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम के तहत गुमला जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से वृद्धाश्रम में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बुजुर्गों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। इस अवसर पर प्रधान जिला जज ध्रुव चंद्र मिश्र ने बुजुर्गों के महत्व और उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी दी।

*******************

राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 23 जून को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें मैट्रिक और इंटर परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पासवा (पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रनस वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा किया जा रहा है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि समारोह में लगभग 20 हजार छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे, जबकि टॉपर्स को विशेष पुरस्कार मिलेगा।

*******************

स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे गरीबों को राहत देने के लिए 17 जून से लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन कोडरमा पहुंच रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

राज्य में आज से मौसम का मिज़ाज बदल गया है मौसम केंद्र ने कुछ हिस्सों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस के तहत 20 जून तक राज्य भर में मेघ गर्जन, तेज हवा के झोंकों और अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। विशेष रूप से 17 और 18 जून को भारी वर्षा की प्रबल आशंका के कारण ऑरेंज अलर्ट प्रभावी रहेगा।

**************